राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–140/2023

राज्यपाल ने स्व० विनोदानन्द झा के जन्म दिवस पर उन्हें नमन किया

पटना, 17 अप्रैल, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व० विनोदानन्द झा के जन्म दिवस पर अवसर पर श्रीकृष्ण स्मारक भवन परिसर, पटना में आयोजित राजकीय समारोह में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, अन्य मंत्रीगण एवं गणमान्य लोगों ने भी स्व० विनोदानन्द झा की तस्वीर पर माल्यार्पण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा भजन एवं गीत प्रस्तुत किए गए। बिहार गीत की भी प्रस्तुति हुई।

....